संघ लोक सेवा आयोग
नोटिस
सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2024

दिनांक:12 अप्रैल, 2024

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 21 अप्रैल, 2024 (रविवार) को देशभर में सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2024 का आयोजन करेगा। आयोग, प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए ई-प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट (**http://upsconline.nic.in**) पर अपलोड करेगा। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर अपलोड होने पर अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और तत्काल उसका प्रिंटआउट ले लें। ई-प्रवेश पत्र को सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (I), 2024 के अंतिम परिणाम की घोषणा तक सुरक्षित रखा जाए। इस परीक्षा के लिए कोई कागजी प्रवेश-पत्र जारी नहीं किया जाएगा। उम्मीदवार, ई-प्रवेश पत्र के साथ संलग्न "उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेशों" को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

2. उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट प्रस्तुत करना होगा। **कोई उम्मीदवार, जो आबंटित स्थल पर जांच के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।** उम्मीदवार को प्रत्येक सत्र में अपने साथ वह फोटो पहचान पत्र, लाना होगा जिसका क्रमांक ई-प्रवेश पत्र में अंकित है।

3. यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है, तो **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षा स्थल पर ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट सहित तीन (3) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो) और परिवचन अपने साथ लाएं।** ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल आईडी **radhey.sharma19@gov.in** के माध्यम सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामलों में आयोग द्वारा निर्णय लिया जा सके।

4. **उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना होगा कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा-स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा-स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

5. यह भी ध्यान रखा जाए कि सत्र, **पूर्वाह्न 09.00 बजे से पूर्वाह्न 11.00 बजे तक (अंग्रेजी पेपर), दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक (सामान्य ज्ञान पेपर) और अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (बुनियादी गणित पेपर) आयोजित किए जाएगें।** परीक्षा-स्थल पर उम्मीदवारों का प्रवेश परीक्षा आरम्भ होने के 30 मिनट पहले (प्रत्येक सत्र में) बंद कर दिया जायेगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा-स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

6. उम्मीदवारों को परीक्षा भवन परिसर में कोई भी मूल्यवान/कीमती सामान, मोबाइल फोन, स्मार्ट/डिजिटल वॉच, अन्य आईटी गैजेट, पुस्तकें, बैग आदि के साथ में प्रवेश करने की अनुमति नहीं हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ प्रतिबंधित वस्तुएं न लाएं क्योंकि परीक्षा स्थल पर्यवेक्षक इन वस्तुओं को रखने का कोई प्रबंध नहीं करेंगे। यदि कोई उम्मीदवार

ऐसी कोई प्रतिबंधित वस्तु लाता है, तो उस वस्तु को परीक्षा स्थल के बाहर रखने का प्रबंध उसे स्वयं करना होगा और इस संबंध में हुई किसी भी क्षति के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को परीक्षा स्थल में ई-प्रवेश पत्र, पेन, पेंसिल, पहचान का प्रमाण, फोटोग्राफ और ई-प्रवेश पत्र के अनुदेशों में यथा निर्दिष्ट अन्य वस्तुओं को लाने की ही अनुमति होगी। परीक्षा स्थल के भीतर अन्य किसी वस्तु को साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

7. परीक्षा स्थल के भीतर मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड़ में भी) और अन्य इलेक्ट्रॉनिक/संचार यंत्र अथवा कोई अन्य आपत्तिजनक सामग्री (ई-प्रवेश पत्र, पेपर, इरेज़र आदि पर नोट) अपने पास रखने की अनुमति नहीं होगी। किसी भी अनुदेश का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी जिसमें उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करना, उम्मीदवार की विरुद्ध एफआईआर/पुलिस शिकायत दर्ज करना, परीक्षा के अगले (सत्र) सत्रों में प्रवेश पर प्रतिबंध आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त, आयोग परीक्षा नियमों में निहित प्रावधानों के अनुसार कोई अन्य उचित कार्रवाई भी कर सकता है।

8. उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा हॉल में परीक्षा देने के लिए काला बॉल पॉइंट पेन लेकर आएं।

9. इस परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में पूछे गए प्रश्नों से संबंधित अभ्यावेदन, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा**, 22 अप्रैल, 2024 से 28 अप्रैल, 2024 (सायं 06:00 बजे तक)** की अवधि के दौरान केवल "ऑन-लाइन प्रश्न-पत्र अभ्यावेदन पोर्टल" [Online Question Paper Representation Portal (QPRep)"] के यूआरएल https://upsconline.nic.in/miscellaneous/QPRep/ के माध्यम से ही प्रस्तुत किए जा सकते हैं। आयोग द्वारा किसी अन्य माध्यम से तथा 28 अप्रैल, 2024 के बाद प्राप्त कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संघ लोक सेवा आयोग
नई दिल्ली-110069